दिनांक 05.04.2024 समय 18.30

- राज्य में चुनाव प्रचार ने जोर पकडा–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुरू में चुनाव सभा की–कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कल जयपुर आने का कार्यक्रम।

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज 13 सीटों के लिए भरे गये नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा।

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 12 संसदीय क्षेत्रों में बुजुर्गो और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग आज से शुरू।

- राज्य में आज कई स्थानों पर तेज हवाओं और आंधी के साथ हल्की बारिश हुई।

000

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार जोर पकडने लगा है। प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज चुरू लोकसभा क्षेत्र से भाजना प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि आज पूरा देश विकसित होने के संकल्प पर काम कर रहा है। पिछले सालों में उनकी सरकार ने आम आदमी की उन मूलभूत जरूरतों को पूरा किया है, जो दशकों से लंबित पड़ी थीं। श्री मोदी ने कहा कि दस साल पहले देश निराशा में डूबा हुआ था। सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने ईमानदारी से काम किया और आज देश तेजी से तरक्की कर रहा है। श्री मोदी ने अपनी सरकार की विभिन्न योजनाओं को जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने मिशन मोड़ में लोगों की मकान, शौचालय, पेयजल जैसी सामान्य जरूरतों को हर घर तक पहुंचाने का काम किया।

..................

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने कोरोना के संकट के बीच भी भारत को दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। श्री मोदी ने पिछले साल में किये गये काम को बानगी बाताते हुए कहा कि आने वाले समय में देश में कई बड़े काम होना बाकी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में मोदी की गारंटी की चर्चा हो रही है। राजस्थान में विधानसभा के चुनाव के समय जो वादे किये गये उन पर काम शुरू हो गया है। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा घोषणा नहीं करती बल्कि संकल्प लेती है। 2019 में जो संकल्प पत्र जारी किया गया, उसके अधिकतर संकल्प वादे पूरे कर दिये गये हैं। विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि सेना ने जब एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक की तो विपक्षी दलों के लोग सबूत मांग रहे थे। विपक्षी दल जब तक सत्ता में रहे इन्होंने सेना के हाथ बांध कर रखे। लेकिन अब सेना को पलटवार करने की खुली छूट है। श्री मोदी ने कहा कि विपक्षी दल भ्रष्टाचारियों को बचाने में जुटे हैं, लेकिन भष्टाचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। श्री मोदी के अलावा भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने अलग–अलग जगह प्रचार किया। भाजपा के राजस्थान चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्रबुद्धे ने बांसवाड़ा में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सीकर जिले में पार्टी प्रत्याशी के लिये जनसभा की। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने चित्तौडगढ में जनसभा को सम्बोधित किया। कांग्रेस की ओर से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा और अन्य नेताओं ने चुनाव सभाओं को सम्बोधित किया। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पुष्कर के पास जनसभा को सम्बोधित कर अजमेर और नागौर के पार्टी प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे। कल ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा पार्टी के अन्य नेता कल जयपुर में सभा करेंगे।

000

राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 संसदीय क्षेत्रों में भरे गये नामांकन पत्रों की आज जांच की गई। अब उम्मीदवार 8 अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं। इसके बाद इस चरण में उम्मीदवारों की संख्या का पता लग सकेगा। भरे गये कुल चार सौ तिरासी नामांकन पत्रों में से 396 नामांकन पत्र स्वीकार कर लिये गये है। 36 नामांकन पत्र निरस्त कर दिये गये। 10 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिये। मतदान के लिए 114 उम्मीदवार मैदान में है।

000

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए चयनित जिलों के निगम आयुक्तों और चुनाव अधिकारियों को मतदान केन्द्रवार कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिये हैं। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग–अलग कार्यनीतियां बनाने को कहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आज नई दिल्ली में उन ग्यारह राज्यों के निगम आयुक्त और चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक की, जहां पिछले चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी कम रही थी।

000

लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस कड़ी में आज केंद्रीय संचार ब्यूरो सवाईमाधोपुर की ओर से आज हिन्दूपुरा और जटावती गांव में चित्र प्रदर्शनी, संगोष्ठी के कार्यक्रम आयोजित किए गए। बून्दी में विभिन्न प्रकोष्ठों के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। डूंगरपुर शहर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा सहयोगिनियो ने जागरूकता रैली निकालकर आमजन को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। पाली जिला के खिंवाड़ा में स्वीप क्रार्यक्रम के तहत मनरेगा में काम कर रहे श्रमिकों को मतदान की शपथ दिलाई गई। इसी सिलसिले में आज झुंझुनूं के चिड़ावा कस्बे में वोट बारात निकाली गई। लोकसभा चुनावों में मतदान के लिए आमजन को जागरूक करने के लिए निकाली गई वोट बारात में ना केवल मतदाताओं, बल्कि स्कूली बच्चों ने भी हिस्सा लिया। जिन्होंने अपने अपने ढंग से और अनूठे अंदाज में मतदान करने का संदेश दिया। इस वोट बारात में पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को दुल्हा बनाया गया। शादी की तरह कोरथ की पूजा अर्चना हुई। इसके बाद गांधी चौक से वोट बारात बैंड बाजे, डीजे, विंटेज कार, बग्घी के साथ मुख्य बाजार से पुरानी तहसील रोड होते हुए एसडीएम कार्यालय पर आकर संपन्न हुई।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140—52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। आज का संदेश सांचौर से हमारे श्रोता खेताराम मेघवाल एक स्लोगन के रूप में भेजा है। **घर का कार्य प्रतिदिन वोट का अवसर एक दिन।** इसके साथ उन्होंने सभी से अपना अमूल्य वोट देकर लोकतंत्र का उत्सव मनाने की अपील की है।

000

प्रदेश के लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 12 संसदीय क्षेत्र मे बुजुर्गो और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग आज से शुरू हुई। इस बार के चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं और दिव्यागों को घर से वोट डालने की सुविधा दी गई है। पहले चरण में होम वोटिंग के लिए 27 हजार से ज्यादा बुजुर्गो ने पंजीयन कराया है आज जयपुर के बनीपार्क निवासी पूर्व न्यायाधीश वी.एस दवे ने होम वोटिंग सुविधा के तहत घर से मतदान किया। उन्होंने होम वोटिंग के तहत घर से मतदान की सुविधा मुहैया करवाए जाने पर निर्वाचन आयोग का आभार जताते हुए सभी से मतदान करने की अपील की।

..................

प्रदेश के अन्य जिलों में भी बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से वोट डालकर निर्वाचन विभाग का आभार जताया। झुन्झुनू के गुढा मोड निवासी— 104 साल के बुजुर्ग अब्दुल अजीज ने घर से वोट देकर प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।

000

लोकसभा चुनाव क्षेत्र के परिदृश्य में हम आपको आज बता रहे हैं, नागौर सीट का हाल— प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों में से नागौर सीट काफी चर्चित हो रही है। यहां के दोनों प्रमुख उम्मीदवार पाला बदले हुए। इस कारण ये सीट सबकी नजर में आ गई है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

000

प्रदेशभर में आज जमातुल विदा की नमाज अदा की गई। जयपुर में जौहरी बाजार में जामा मस्जिद और दिल्ली रोड पर स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंम्बियों ने रमजान के आखिरी शुक्रवार के दिन अता की जाने वाली जमातुल विदा की नमाज में हिस्सा लिया। चित्तौडगढ में मौलवी मोहम्मद सईद साहब ने मुख्य बाजार स्थित जामा मस्जिद में नमाज अदा कराई।

0000

बालोतरा जिले के तिलवाड़ा में आज श्री मल्लीनाथ चैत्र पशु मेला शुरू हुआ। मेले का उद्घाटन जिला कलेक्टर सुशील कुमार ने किया मेले में विभिन्न राज्यों के पशुपालक अपने पशुओं को लेकर आये हैं। पशुपालन विभाग ने मेले में 165 दुकानों का आवंटन किया है। इसमें एक हजार के लगभग पशु बिक्री के लिये लाये गये हैं।

000

राज्य में आज मौसम में आये बदलाव के कारण कई स्थानों पर तेज हवाओं और आंधी के साथ हल्की बारिश हुई है। टोंक में दोपहर बाद घने बादल छा गये और हल्की बारिश हुई। सवाई माधोपुर में भी तेज हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। जिला मुख्यालय के आसपास हल्की वर्षा से गर्मी का असर कम हुआ है। जयपुर, दौसा, झुंझुनू, सीकर नागौर और भीलवाडा जिलों में भी कहीं कहीं तेज हवाएं चलने और हल्की बारिश के समाचार हैं। मौसम विभाग के अनुसार कल भी भरतपुर और कोटा संभागों में कहीं कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। विभाग ने कल कुछ स्थानों पर बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की है। इस बीच, बीते 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 35 से 38 डिग्री के बीच दर्ज किया गया है। वहीं न्यूनतम तापमान भी कुछ स्थानों को छोड़ 22 डिग्री से उपर दर्ज किया जा रहा है।

000